(पंजीकृत)

फोन : [कार्या० 325097 निवास 324372

होवेट पालीटेक्निक

महामंगर, लखनऊ-226 006

सेवा में,
श्री रमेश चन्द्र
538, रेती गोदाम
सीतापुर-261001

पत्रांक: एच०पी०/99-99/नियुक्ति/201 लखनऊ: दिनांक 7 अक्टूबर 99

महोदय,

आपके आवेदनपत्र दिनांक 3-9-97 एवं साक्षात्कार समिति के समक्ष हुए साक्षात्कार दिनांक 9-6-98 के आधार पर प्रवक्ता यांत्रिक अभियांत्रिकी के पद पर वेतनमान रु 8000-275-13,500 (पुनरीक्षित) में अनंतिम प्रतिबन्धों के अधीन नियुक्ति की जाती है।

1- उपरोक्त आपकी नियुक्ति प्रारम्भिक मूलवेतन रु० 8000/- पर की जाती है। महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते, जो समय समय पर अनुदानित संस्थाओं को प्रदत्त हैं, आपको देय होंगे।

2- उपरोक्त आपकी नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई है एवं प्रथमतः दो वर्ष के परिवीक्षाकाल पर की जाती है। यदि इस अवधि में आपका कार्य एवं आचरण संतोषजनक रहा, तो आपकी नियमित नियुक्ति की जा सकती है।

3- उपरोक्त आपको सौंपे गये कार्य की प्रगति की जाँच प्रतिवर्ष की जायगी।

4- उपरोक्त आपको सौंपे गये कार्य के अतिरिक्त संस्था हित में संस्था प्रबन्धन द्वारा पद के अनुरूप अन्य कार्य सौंपा जा सकता है जिसके लिए आपको कोई अतिरिक्त न होगी तथा इसके लिए कोई अतिरिक्त भत्ता देय न होगा।

5- परिवीक्षाकाल में आपकी सेवायें बिना कोई कारण बताए एक माह की नोटिस अथवा एक माह का वेतन देकर समाप्त की जा सकती हैं।

6- आपकी सेवायें सहायता प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों हेतु लागू सेवा नियमावली एवं अन्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त कर्मचारियों हेतु समय-समय पर घोषित नियमों द्वारा संचालित होंगे।

7- कार्य भार ग्रहण करने से पूर्व दो सम्मानित व्यक्तियों (राजपत्रित अधिकारी/जनप्रतिनिधियों यथा-सांसद, विधायक आदि) से प्राप्त चरित्र प्रमाणपत्र एवं किसी राजपत्रित चिकित्सक द्वारा प्रदत्त स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (प्रारूप संलग्नक) प्रस्तुत करना होगा।

यदि आप उक्त प्रतिबन्धों से सहमत हों, अपनी सहमति के साथ दिनांक 26-10-98 तक कार्य भार ग्रहण करें। निर्धारित तिथि तक कार्यभार ग्रहण न करने की दशा में यह समझा जायगा कि आप इस पद पर सेवा के इच्छुक नहीं हैं।

(पी० सी० बनर्जी)
प्रधानाचार्य Principal
Howrat Polytechnic
Mahanagar, Lucknow

पृ०सं०-एच०पी०/99-99/नियुक्ति/ कापी/
प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, लखनऊ।
2- प्रधान, एकल मानक, होवेट पालीटेक्निक, लखनऊ।
3- संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा 'मध्य क्षेत्र', लखनऊ।
4- प्रधान लेखाकार।
5- लेखाकार।
6- वेतन लेखाकार।

(पी० सी० बनर्जी)
प्रधानाचार्य